वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :4 अंक : 54 मंगलवार 18 जून 2024 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

## ग्लो स्टिक और निऑन टी शर्ट पहनकर चलेंगे लोग

### जयपुर ग्लो वॉक 22 जून को, जय क्लब और जयपुर रनर्स क्लब के मेम्बर्स आएंगे नजर



**जयपुर. कासं।** जय क्लब की ओर से जयपुर रनर्स क्लब के सहयोग से गुलाबी नगरी में जयपुर ग्लो वॉक का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 22 जून को होगा। हाल में जयपुर ग्लो वॉक का पोस्टर लॉन्च किया गया है। जय क्लब में हुए एक समारोह में कार्यक्रम की जानकारी देते हुए जय क्लब ग्लो वॉक के कनविंनर अंशुल जैन, जयपुर रनर्स क्लब के अध्यक्ष प्रवीण तिजारिया और कार्यकारी अध्यक्ष दीपक शर्मा बागड़ा ने बताया- क्लब मेंबर्स में हेल्थ के प्रति जागरूकता और फिटनेस पार्टी के चलन को बढ़ाने के उद्देश्य से इस अवेयरनेस इवेंट का आयोजन किया जा रहा है। 22 जून को रात के समय जयपुर ग्लो वॉक को जय क्लब से शुरू कर वहीं पर समाप्त किया जाएगा। इसमें वॉकर्स ग्लो स्टिक और निऑन टी शर्ट पहनकर वॉक करेंगे और रन के बाद फिटनेस पार्टी में शामिल होंगे। इससे पहले वॉक का एक पोस्टर भी लॉन्च किया गया, जिसमें जय क्लब के अध्यक्ष रामशरण गुप्ता अध्यक्ष, मनोज दासोत सचिव, अनिल शर्मा कोषाध्यक्ष, संजय अजमेरा संयुक्त सचिव खेल, राजीव नागोरी संयुक्त सचिव एडमिन, अंशुल जैन कार्यकारी सदस्य एवं ग्लो वॉक प्रोजेक्ट निदेशक, जयपुर रनर्स के को-फाउंडर मुकेश मिश्रा और अध्यक्ष प्रवीण तिजारियां मौजूद रहे।

# बंद होगा सेंट्रल पार्क के जॉगिंग ट्रेक का एक हिस्सा




### अंडरग्राउड पार्किंग का निर्माण कार्य पूरा होने तक जेडीए 200 मीटर हिस्से को बंद करेगा

**जयपुर. शाबाश इंडिया**


जयपुर के सेंट्रल पार्क में बने वॉकिंग ट्रैक के 200 मीटर के हिस्से को अगले कुछ महीनों के लिए बंद रखा जाएगा। पार्क में गोल्फ क्लब परिसर के पास बन रही अंडरग्राउंड पार्किंग के निर्माण के कारण ट्रैक को बंद किया जा रहा है। ये 18 जून यानी मंगलवार से आमजन के लिए बंद कर दिया जाएगा। जेडीसी मंजू राजपाल ने बताया कि भगवान दास रोड पर रामबाग गोल्फ क्लब से राजस्थान हाईकोर्ट के गेट नंबर-2 की ओर पैदल यात्री सब-वे का निर्माण करवाया जा रहा है। इस कारण से भवानी सिंह रोड पर स्थित गोल्फ क्लब के एंट्री गेट से राजस्थान हाईकोर्ट के सामने गोल्फ क्लब में स्थित शिव जी के मंदिर से आगे तक के सेंट्रल पार्क के ट्रैक (लगभग 200 मीटर लम्बाई) को इस प्रोजेक्ट का काम पूरा होने तक बंद रखा जाएगा। जेडीसी ने बताया कि इस दौरान यहां सुबह-शाम मॉर्निंग वॉक करने के लिए आने वाले लोगों को वॉकिंग का सिस्टम थोड़ा बदलने के लिए आग्रह किया है। उन्होंने बताया कि ये वॉकिंग ट्रेक का हिस्सा 18 जून की सुबह से बंद कर दिया जाएगा।

### 2 मंजिला अंडर ग्राउंड पार्किंग निर्माणाधीन, 500 गाड़ियां हो सकेगी पार्क

इस प्रोजेक्ट के तहत गोल्फ क्लब पार्किंग परिसर को तोड़कर यहां 2 मंजिला अंडरग्राउंड मल्टी स्टोरी पार्किंग का निर्माण किया जा रहा है। इस प्रोजेक्ट के पूरा होने के बाद यहां 500 गाड़ियां पार्क हो सकेगी। इस पार्किंग से हाईकोर्ट परिसर को जोड़ने के लिए हाईकोर्ट के गेट नं. 2 से पार्किंग तक आने-जाने के लिए अंडरग्राउंड सब-वे का भी निर्माण किया जाएगा।

# राज्यपाल मिश्र ने की गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात





**जयपुर. कासं।** राज्यपाल कलराज मिश्र ने सोमवार को नई दिल्ली में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात की। राज्यपाल मिश्र की इस दौरान शाह से राज्य के विकास और आंतरिक सुरक्षा से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। मिश्र की गृह मंत्री से यह शिष्टाचार भेंट थी।

# जैन सोशल ग्रुप गोल्ड के शपथ ग्रहण में दिखी टीम भावना





**जयपुर. शाबाश इंडिया**

जैन सोशल ग्रुप गोल्ड के शपथ ग्रहण समारोह आयोजित हुआ। अध्यक्ष राजकुमार बेद और सचिव मनीष चांदवाड़ ने अपनी टीम के साथ शपथ ग्रहण की। गोल्ड की नवीन टीम के नए सत्र का पहला कार्यक्रम शपथ ग्रहण समारोह एवं म्यूजिकल नाइट जयपुर के मालवीय नगर स्थित होटल हयात में रविवार 16 जून को किया गया। जिसमें शामिल किए गए, रोचक गेम्स, म्यूजिकल डांस और भी बहुत से शानदार मनोरंजन कार्यक्रम। निवर्तमान अध्यक्ष सुरेंद्र पाटनी और संस्थापक अध्यक्ष राकेश गोधा ने बताया कि कार्यक्रम शुरू हुआ, शाम 5 बजे से और रात 10 कब बज गए पता ही नही चला। मेल, फीमेल और बच्चों के गेम्स में सभी ने पूरी ऊर्जा और उमंग से सहभागिता निभाई, विशेष रूप से अंताक्षरी क्वीन के नाम से प्रसिद्ध सेलिब्रिटी प्रेजेंटर रतिका और मितेंद्र जैन ने इसमें तड़के वाली सहभागिता निभाई। प्रसिद्ध एंकर और मॉडल शिखा जैन की प्रस्तुति का मेंबर्स ने डांस म्यूजिकल मस्ती और फन गेम्स, चुटकुले, शेरो शायरी के मिश्रण का खूब लुत्फ उठाया, साथ ही कराओके पर राकेश गोधा, रिया जैन, योगेश गोधा के मधुर गीत सभी को खूब भाए। शपथ ग्रहण के सत्र के बारे में सयोजक अक्षत पाटनी और निवर्तमान सचिव विनीत चांदवाड़ ने बताया कि नवीन टीम ने रीजन के चेयरमैन महेंद्र सिंघवी और इलेक्ट चेयरमैन राजीव पाटनी एवम् दीप प्रज्वलनकर्ता समाजसेवी भरत प्रतिभा जैन की उपस्थिति में शपथ ली। शपथ विधि अधिकारी महेंद्र सिंघवी ने पहले अध्यक्ष राजकुमार राजकुमारी बेद को शपथ दिलाई, इसी क्रम में सचिव मनीष आरती चांदवाड़, फिर संस्थापक अध्यक्ष राकेश नीलू गोधा, सुरेंद्र रूपल पाटनी, उपाध्यक्ष विनीत चांदवाड़, सयुक्त सचिव रोहित जैन, कोषाध्यक्ष भरत प्रतिभा जैन और कार्यकरिणी सदस्य में अभिषेक रीतू गोधा, डा गौरव दीपशिखा जैन, अक्षत रुचि पाटनी, वाणी प्रकाश शीला पाटनी, मितेंद्र रतिका जैन, निर्मल जीतेश लुहाड़िया को गरिमामय और भव्यता के साथ पद की शपथ दिलाई। सयुक्त सचिव रोहित जैन के अनुसार सभी को माला और दुप्पटे पहनाए गए।इस अवसर पर फादर्स डे को सेलिब्रेट किया गया। इसके बाद मस्त मस्त माहोल में हाऊजी खिलाई गई। हाऊजी के पुरस्कार सुरेंद्र रूपल पाटनी द्वारा प्रायोजित किए गए। अंत में संस्थापक अध्यक्ष और सूत्रधार राकेश गोधा और सचिव मनीष जैन ने मिलकर आभार प्रकट किया।

# जवाहर नगर में हुआ गुरु माँ विज्ञाश्री माताजी ससंघ का भव्य मंगल प्रवेश



**जयपुर**। सहस्त्रकूट विज्ञातीर्थ प्रणेत्री भारत गौरव गणिनी गुरु माँ विज्ञाश्री माताजी ससंघ मालवीय नगर से. 3 जयपुर से मंगल विहार करते हुए जवाहर नगर जैन मंदिर में प्रातः 7 बजे मंगल प्रवेश हुआ । विहार के दौरान मालवीय नगर से. 3 और से. 7 के पदाधिकारी एवं महिला परिषद की अध्यक्षा मौजूद थे । श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर का स्थापना दिवस के इस आयोजन में आज श्री पार्श्वनाथ महामण्डल विधान पूज्य माताजी के सान्निध्य में निर्विघ्न सम्पन्न हुआ ।पंडित विमल जी बनेठा का अल्प उद्बोधन , मंगलाचरण के पश्चात पूज्य माताजी ने आशीर्वचन देते हुए जयपुर वासियों के पुण्य की सराहना की । धर्मवृद्धि रस्तु का आशीष देते हुए भक्तों को धर्म के प्रति समर्पण भाव जगाने का उपदेश दिया । आर्यिका ससंघ की दैनिक क्रियाओं में आहारचर्या , सामायिक , स्वाध्याय , प्रतिक्रमण , भक्ति , वंदना एवं संस्कार यात्रा का आयोजन हुआ । जिसमें अनेकों श्रद्धालुओं ने सहभागिता निभाकर अपना पुण्य कोष भरा । बरकत नगर महिला मंडल ने पूज्य गुरु मां का मंगल आशीर्वाद प्राप्त किया ।

# खेल बोर्ड, राजस्थान विश्वविद्यालय द्वारा योग दिवस के अवसर पर योग शिविर का शुभांरम



**जयपुर. शाबाश इंडिया**। खेल बोर्ड राजस्थान विश्वविद्यालय द्वारा राजस्थान विश्वविद्यालय कुलपति प्रो.अल्पना कटेजा की अध्यक्षता में 17 जून से 21 जून तक 05 दिवसीय योग शिविर प्रातः 5:45 से 07:00 तक लगाया जा रहा है ।जो सभी जयपुर वासियों के लिये निःशुल्क है ।इसका समापन 21 जून को प्रातः 05:45 पर किया जायेगा ।योग दिवस के आयोजन पर डॉ. प्रीति शर्मा सचिव खेल बोर्ड ने बताया की इस वर्ष का यह योग दिवस ''महिला सशक्तिकरण के लिये योग'' की थीम पर आधारित है ।इस योग शिविर में विशेषतः दिनांक 19 जून, 2024 को जल योग (एक्वा योग) करवाया जायेगा। यह जल योग राजस्थान विश्वविद्यालय के तरणताल पर किया जायेगा ।जिन भी लोगों को तैराकी आती है वे लोग तरणताल के पानी में और जिन लोगों को तैराकी नही आती है वे लोग तरणताल में पानी के आस-पास के जमीनी हिस्से पर यह योग कर सकते है । **-डॉ. प्रीति शर्मा सचिव, खेल बोर्ड**

# संगिनी फारम जेएसजी मेट्रो की सदस्याओं ने की गौ सेवा



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** संगिनी फारम जेएसजी मेट्रो की सदस्याओं ने दुगार्पुरा गौशाला में गौ सेवा कर गायों को हरा चारा खिलाया। पूर्व अध्यक्ष श्रीमती मैना जैन के अनुसार इस मौके पर गौ सेवा के लिए मुहिम जारी रखने का संकल्प लिया गया । संस्थापक अध्यक्ष दीपिका जैन कोटखावदा ने बताया कि मानव और गाय एक दूसरे के प्रति पूर्णतया पूरक है। गायों एवं पशुओं की रक्षा करना हम सब का कर्तव्य है। संगिनी फारम जेएसजी मेट्रो की अध्यक्ष अम्बिका सेठी ने सभी का स्वागत किया। सचिव रेखा पाटनी ने आभार व धन्यवाद व्यक्त किया। इस मौके पर वर्षा अजमेरा, दीपा जैन, नेहा जैन सहित बड़ी संख्या में संगिनी फारम जेएसजी मेट्रो की सदस्याओं ने सहभागिता निभाई ।

# गणिनी आर्यिका विशुद्धमति माता जी ससंघ का दो वर्षों के बाद ताजनगरी में भव्य मंगल प्रवेश



**आगरा. शाबाश इंडिया।** 17 जून को श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर छीपीटोला के जैन भवन पर समाधिस्थ आचार्य श्री 108 निर्मल सागर महाराज के परम शिष्या सिद्धार्थ रत्न भारत गौरव गणिनी आर्यिका श्री 105 विशुद्धमति माताजी ससंघ का दो वर्षों के बाद भव्य मंगल प्रवेश हुआ। आगमन पर सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भव्य अगवानी की।गणिनी आर्यिका श्री विशुद्धमति माताजी ससंघ का मंगल विहार प्रातः 7:00 बजे जैन मंदिर मधुनगर से प्रारंभ होकर जैन मंदिर सदर बाजार, शहजादी मंडी पार्श्वधाम छीपीटोला पर पहुंचीं तो वहां उपस्थित सैंकड़ो महिलाओं ने अपने सिर पर मंगल कलश रखकर गुरु माँ का स्वागत किया। शोभायात्रा में महिलाएं पुरुष केसरिया वस्त्र धारण कर बैंड बाजों की धुन पर नृत्य करते हुए आर्यिका संघ के साथ चल रहे थे। इसके बाद श्रद्धालुओं द्वारा आर्यिका संघ का पाद प्रक्षालन एवं मंगल आरती कर अगवानी की। मंगल आगवनी के बाद गणिनी आर्यिका श्री विशुद्धमति माताजी ससंघ ने मंदिर जी में विराजमान सभी प्रतिमाओं के दर्शन किऐ मीडिया प्रभारी शुभम जैन बताया कि गणिनी आर्यिका श्री विशुद्धमति माताजी ससंघ का 19 जून को छीपीटोला जैन मंदिर से मंगल विहार कर श्री नेमिनाथ दिगंबर जैन मंदिर अतिशय क्षेत्र पीर कल्यानी नसिया जी में मंगल प्रवेश होगो। इस अवसर पर मदिर के नव निर्वाचित कमेटी के अध्यक्ष मनोज जैन बल्लो, महामंत्री मुरारीलाल जैन, कोषाध्यक्ष अक्षय जैन बन्टी, दीपक जैन,हेमंत जैन,प्रवेश जैन, प्रदीप जैन अभिषेक जैन,शुभम जैन,समस्त छीपीटोला जैन समाज के लोग बडी.संख्या में उपस्थित रहे। -रिपोर्ट शुभम जैन

# विकास जैन तिजारिया बिल्डर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया,जयपुर के चैयरमैन बने



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** बिल्डर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया,जयपुर राजस्थान केंद्र की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी 2024-25 के चुनाव आज सम्पन्न हुए। इन चुनावों में सर्वसम्मति से विकास जैन तिजारिया को चेयरमैन नियुक्त किया गया।इसके अलावों सचिव अजय गोयल, कोषाध्यक्ष प्रदीप कुमार जैन को बनाया गया। इस मौके पर कार्यकारिणी को राष्ट्रीय उपाध्याय राजीव गोयल ने शपथ दिलाई, साथ ही एसोसिएशन से जुड़े नए सदस्यों को सदस्यता प्रमाण पत्र व बैच देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर स्वागत भाषण में चेयरमैन विकास जैन तिजारिया ने बिल्डर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया की सहयोगी संस्था पिंक सिटी जयपुर एवं ग्रेटर जयपुर व स्फूर्ति क्लब जयपुर के सभी सदस्यों व सभी अतिथियों का स्वागत किया और सभी संस्थाओं की नई कार्यकारिणी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। अंत में रवि कुमार खेड़िया ने सभी को आभार जताया।

# मुरार में संस्कार शिक्षण शिविर का हुआ समापन



**मनोज जैन नायक. शाबाश इंडिया**

मुरार/ग्वालियर। श्री दिगंबर जैन श्रमण संस्कृत संस्थान सांगानेर के तत्वावधान में गुरु उपकार महोत्सव के रूप में श्री दिगम्बर जैन पंचायती बडा मंदिर मुरार ग्वालियर में शिविर का आयोजन 4/6/24 से 15/6/24 तक चम्बल संभाग के शिविर प्रभारी -विद्वत नवनीत शास्त्री (मुरैना) के कुशल नेतृत्व में किया गया। जिसमे सांगानेर से पधारे विद्वानों पंडित शुभम जैन शास्त्री डबरा, पंडित अंशुल जैन द्रोणागिरी के द्वारा कुशल शिक्षण एवं अनेक गतिविधियों के द्वारा शिवरार्थियों को अच्छे संस्कारों व नैतिक मूल्यों का पाठ पढ़ाया। शिविर में दीप प्रज्वलन एवं चित्र अनावरण कर्ता के रूप में महेश चंद्र, मणिन्द्र जैन, के.एल. जैन, शशि प्रभा जैन, लोकेन्द जैन, नीनू जैन, सौरभ कुमार, अंकुश जैन एवं शिविर को सफल बनाने में द्वादश वर्षीय प्रभारी - डॉ संजय जैन एवं श्रीमती उमा जैन का महत्वपूर्ण योगदान रहा । श्री विद्यासागर श्रमण संस्कृति पाठशाला मुरार की शिक्षिकाएं प्रीति जैन, रेखा, आशना, वैशाली, सौनाली, जिया, विजेता, चंचल, गिरजेश, प्रमिला जैन के महान परिश्रम से यह कार्य सफल हो सका है एवं गोपाल जी का विशेष सहयोग रहा।


## वेद ज्ञान

### 'धर्म' नियोजित जीवन

हमारे क्षणभंगुर जीवन में 'धर्म' का तात्पर्य धारण करने, धारणा बनाने से है। जीवन-मृत्यु, ईश्वर-नश्वर के बारे में चेतना से या सकारात्मक रहकर जो कुछ भी धारण किया जाएगा और जो वैचारिक धारणा बनेगी, वही 'धर्म' कहलाएगी। परंतु वर्तमान मानव जीवन 'धर्म' की नकारात्मक और प्रतियोगी वैचारिकी से ग्रस्त है। यदि किसी नकारात्मक और जीवन से निराश व्यक्ति को 'धर्म' के बारे में बताने लगें तो वह और ज्यादा नकारात्मकता ओढ़कर 'धर्म' और धार्मिक गतिविधियों को अपने कुतर्कों से गलत सिद्ध करने का निर्थक प्रयास करता है। ऐसे लोगों को समझना होगा कि 'धर्म' के अंतर्गत उन्हें कभी भी किसी विशेष विचार को अपनाने के लिए नहीं कहा जाएगा, बल्कि उन्हें यह समझने की आवश्यकता है कि धर्म जीवन-जगत की प्राकृतिक धारणाओं को पूर्वाग्रह के बिना स्वीकार करने और उनके प्रति आभार प्रकट करने की पुण्य प्रवृत्ति है। यह इसलिए, क्योंकि हमारा जीवन हमारा अपना बनाया हुआ नहीं है। इसमें माध्यम तो हमारे माता-पिता बनते हैं, परंतु जिन पंचतत्वों के सम्मिश्रण से हमारे माता-पिता व हमारा जन्म होता है, उन्हें निर्मित, व्यवस्थित व संतुलित करने वाला तो कोई और ही है। इसीलिए जीवन में कुछ समय विचरण करने के बाद और अपने भौतिक ताने-बाने को खोकर हमारा आत्म-स्वरूप में जैसा या जो भी निरूपण होता है हमें उसके निर्धारक जगतपति ईश्वर के लिए शुभकामनाएं देनी चाहिए। हमें 'धर्म' के जगतव्यापी संस्कारों को अपनाना होगा। साथ ही स्वयं की सकारात्मक धार्मिक कल्पनाओं का विकास भी करना होगा। जब प्राकृतिक विधान, यम-नियम भी 'धर्म' से संचालित हैं, तब भी उसके प्रति निकृष्ट आचार-व्यवहार करने का नास्तिक अभ्यास यदि होता रहता है तो समझ लेना चाहिए कि नास्तिक लोगों का जीवन ही विकारग्रस्त है। इस तरह नास्तिक व्यक्ति अपने मूल्यवान मानवीय स्वरूप को कुतर्कों और विवादों की कृत्रिम चादर ओढ़ाकर उसे व्यर्थ करने पर ही तुले हुए हैं, जबकि दूसरी ओर 'धर्म' नियोजित मानवीय जीवन निरंतर जीवन के सर्वश्रेष्ठ उद्देश्य की ओर बढ़ता रहता है। साधु-संत, गुरु-शिक्षक, माता-पिता आदि सभी भूमिकाओं में यदि मानव निर्धारित मर्यादाओं का पालन करता है, तो समझें कि वह 'धर्म' के ईश्वरीय आयाम से प्राणपण से जुड़ा हुआ है।

## संपादकीय

# परीक्षा में धांधली और विश्वसनीयता पर सवाल




चिकित्सा पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आयोजित इस बार की राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा यानी नीट को लेकर उठे विवाद ने एक बार फिर प्रतियोगी और प्रवेश परीक्षाओं की विश्वसनीयता पर उठते सवाल गहरे कर दिए हैं। कुछ केंद्रों पर गलत पर्चा बंटने के बाद से ही विद्यार्थी आरोप लगाते रहे कि प्रश्नपत्र पहले ही बाहर निकल चुके हैं, मगर राष्ट्रीय परीक्षा एजंसी यानी एनटीए लगातार उस आरोप को खारिज करती रही।



फिर नतीजे आए तो उसमें कई विसंगतियां देखी गईं। सड़सठ विद्यार्थियों को पूरे सात सौ बीस अंक मिले थे। करीब सोलह सौ विद्यार्थियों को कृपांक दिए गए। मामला सर्वोच्च न्यायालय में पहुंचा, तो उसने स्थिति स्पष्ट करने को कहा। मगर फिर भी एनटीए और सरकार की तरफ से तर्क दिया जाता रहा कि परीक्षा का पर्चा बाहर नहीं गया, उत्तर पुस्तिकाओं की जांच में कुछ त्रुटि हो सकती है। उसके लिए एक जांच समिति गठित कर दी गई। सोलह सौ विद्यार्थियों को दुबारा परीक्षा में बैठने की सहूलियत दी गई। मगर अब सबूत सामने आने लगे हैं कि प्रश्नपत्र पहले ही बाहर हो गया था। इससे एक बार फिर एनटीए की साख धूमिल हुई है। इस संस्था का गठन ही इस मकसद से किया गया था कि यह पूरी पारदर्शिता के साथ और चौक-चौबंद तरीके से प्रतियोगी तथा प्रवेश परीक्षाओं का आयोजन करेगी। इससे नकल माफिया पर अंकुश लगेगा। जिस तरह पूरे देश में नकल माफिया का जाल फैल चुका है और वे सख्त से सख्त पहरे में भी सेंधमारी करने में माहिर हो चुके हैं, उससे पार पाने में एनटीए को एक कारगर तंत्र माना जा रहा था। मगर वह भी विफल हो चुका है। इंजीनियरिंग और मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं के पर्चे फोड़ने में सबसे अधिक कोचिंग संस्थानों का हाथ देखा गया है। राज्य सेवा आयोग की परीक्षाओं तक में वे सेंध लगाते पाए गए हैं। उन पर नकेल कसने का अभी तक कोई पुख्ता तंत्र नहीं बन पाया है। परीक्षाओं में धांधली होनहार विद्यार्थियों के भविष्य से खिलवाड़ और व्यवस्था में औसत तथा अयोग्य लोगों की फौज जमा करते जाने की कोशिश है। बिना दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति के इस प्रवृत्ति पर अंकुश लगाना मुश्किल है।

## परिदृश्य

# खुलती राहें

अत्याधुनिक अर्थव्यवस्था वाले सात देशों के समूह जी -7 के शिखर सम्मेलन में भारत की विशेष उपस्थिति इसकी बढ़ती आर्थिक ताकत का ही प्रमाण है। भारत इस समूह का सदस्य नहीं है, मगर हर वर्ष इसे विशेष तौर पर आमंत्रित किया जाने लगा है। हालांकि इस बार इटली में आयोजित इस शिखर सम्मेलन में अफ्रीका, दक्षिण अमेरिका और हिंद प्रशांत क्षेत्र के बारह विकासशील देशों के नेताओं को भी निमंत्रित किया गया था, पर भारत को खास तवज्जो दी गई। दरअसल, यह सम्मेलन एक ऐसे समय में आयोजित हुआ, जब दुनिया में आर्थिक उथल-पुथल मची हुई है। रूस- यूक्रेन युद्ध और हमास झ इजराइल संघर्ष जारी है। पूरी दुनिया अभी मंदी की चपेट में है। यहां तक कि जी-7 के सदस्य देश अमेरिका, इटली, जर्मनी, फ्रांस, ब्रिटेन, कनाडा और जापान भी इससे बाहर निकलने की कोशिश कर रहे हैं। मगर भारत की अर्थव्यवस्था पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नजर नहीं आ रहा। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के मुताबिक भारत दुनिया की तेजी से उभरती अर्थव्यवस्था है। जी-7 के मंच से प्रधानमंत्री ने फिर अपना संकल्प दोहराया कि 2047 तक भारत को विकसित देश बनाना है। उधर वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद के स्तर पर जी-7 देशों की भागीदारी लगातार घट रही है वे विश्व जीडीपी में साठ फीसद की भागीदारी से चालीस फीसद पर पहुंच गए हैं। भारत लगातार विकसित देशों के समांतर एक ताकतवर समूह बनाने की कोशिश कर रहा है। उसी रणनीति के तहत जी-20 सम्मेलन के दौरान अफ्रीकी संघ को भी समूह में शामिल किया गया। इस तरह भारत वैश्विक दक्षिण के देशों को एक मंच पर लाकर एक नया आर्थिक मंच बनाना चाहता है। जी-7 के सदस्य देश इस बात को अच्छी तरह जानते हैं कि भारत सहित वैश्विक दक्षिण एक विशाल बाजार है, वहां सस्ते श्रम की उपलब्धता भी भरपूर है। हालांकि इस बार के शिखर सम्मेलन में प्रमुख रूप से दुनिया भर में बढ़ती महंगाई पर अंकुश लगाने, वैश्विक स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने और कार्बन उत्सर्जन को कम करने संबंधी रणनीतियां बनाने पर जोर रहा, पर रूस और चीन की वजह से बढ़ते तनाव को रोकने के उपायों पर भी चर्चा हुई। जी-7 समूह के सभी देशों के साथ भारत के रिश्ते बेहतर हैं और उनके साथ व्यापार वाणिज्य संबंधी गतिविधियां निरंतर बढ़ रही हैं। जी-7 का जोर उभरती अर्थव्यवस्थाओं के साथ रिश्ते बेहतर बनाने पर है, इस तरह भारत इसमें मजबूत कड़ी साबित होगा। भारत के सामने फिलहाल कड़ी चुनौती चीन की तरफ से है। चीन को लेकर जी 7 देश भी वक्र दृष्टि रखते हैं। इस दौर में जब संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद कमजोर होता गया है और जी-7 देश वैश्विक मामलों में निर्णायक साबित हो रहे हैं, वे भारत को विशेष रूप से अपने साथ जोड़े रखना चाहते हैं, तो निश्चय ही यह चीन के लिए चिंता का विषय होगा। रूस यूक्रेन संघर्ष में भी भारत की मध्यस्थता को अहम माना जा रहा है, जबकि इन दिनों रूस की नजदीकी चीन से बढ़ी है। जैसा कि प्रधानमंत्री ने जी-7 के मंच से यह संकल्प दोहराया कि वे पड़ोसी देशों से रिश्ते मधुर बनाने पर जोर देंगे, ताकि वे चीन की गिरफ्त से बाहर निकल सकें, यह भी चीन के लिए रणनीतिक रूप से परेशान करने वाली बात है। जी-7 के इस शिखर सम्मेलन से भारत के लिए नई राहें खुलती नजर आती हैं।

# डॉ अनामिका पापड़ीवाल द्वारा अमेरिकन विद्यार्थियों के लिए मेंटल हेल्थ इश्यूज एंड अवेयरनेस पर व्याख्यान

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

काउंसलिंग साइकोलॉजिस्ट एवं साइकोथैरेपिस्ट डॉ अनामिका पापड़ीवाल द्वारा अमेरिकन विद्यार्थियों के लिए मेंटल हेल्थ इश्यूज एंड अवेयरनेस विषय पर व्याख्यान दिया गया। यह कार्यशाला अमेरिकन इंस्टिट्यूट ऑफ इंडियन स्टडीज के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की गई। इसमें साइकोलॉजिकल काउंसलिंग सेंटर की डायरेक्टर डॉ अनामिका पापड़ीवाल ने मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित समस्याएं, उनके कारण, प्रभाव, निराकरण, साइकोथेरेपी और मेंटल इश्यूज से संबंधित संशय और सच्चाई के बारे में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही मानसिक समस्याओं और बीमारियों के लिए जागरूक होने और प्रोफेशनल्स से कैसे और कब मदद लेनी चाहिए इसके बारे में विस्तृत रूप से बताया।



व्याख्यान के दौरान सभी डेलिगेट्स को कुछ एक्टिविटीज भी करवाई गई जिसमें फन एक्टिविटी के साथ ही साथ मेंटल हेल्थ के लिए सेल्फ केयर से संबंधित एक्टिविटी भी करवाई गई जिसमें उन्होंने अपने जीवन के सबसे दुखद क्षण और सबसे ज्यादा खुशी देने वाले क्षणों को शेयर किया और एक्टिविटी के अंत में सभी ने सीखा कि हमारी लाइफ में दुख तो बहुत आता है परंतु खुशी के पल भी कम नहीं होते और इसीलिए यदि कभी भी हम दुखी हो तो जीवन के उन खुशी वाले पलों को जरूर याद कर लेना चाहिए। यही वह पल होते हैं जो हमारे बड़े से बड़े दुख को भी खुशी के पल में परिवर्तित कर देते हैं और हम अंदर से एक खुशी की अनुभूति महसूस करते हैं। डॉ अनामिका पापड़ीवाल ने बताया कि साइकोथेरेपी आज के समय की सबसे बड़ी जरूरत है। यह थेरेपी व्यक्ति या पेशेंट के बैटरमेन्ट के लिए वर्क करती है, यह आपकी नेगेटिविटी को पॉजिटिविटी में कन्वर्ट करती है जिससे कि आपके सोचने का तरीका बदले और आप अपने लिए सही और गलत की पहचान स्वयं करके अपने जीवन में आने वाली समस्याओं को स्वयं सुलझा कर जीवन को बेहतर कर सकें। डॉ अनामिका पापड़ीवाल भारत के बाहर से जयपुर में अध्ययन करने आए अमेरिकन विद्यार्थियों के लिए मेंटल हेल्थ अवेयरनेस की यह कार्यशाला पिछले 6 सालों से लगातार ले रही है।

## ब्यावर मित्र मण्डल ने गर्मी से राहत के लिए पिलाया शरबत

### संकटमोचन हनुमान मंदिर के बाहर हजारों लोगों को किया वितरण



**सुनील पाटनी. शाबाश इंडिया**

**भीलवाड़ा।** निर्जला एकादशी के पावन अवसर पर ब्यावर मित्र मण्डल द्वारा सेवा कार्यो की कड़ी में सोमवार शाम मुख्य डाकघर के समीप संकटमोचन हनुमान मंदिर के बाहर मंदिर के महन्त बाबूगिरीजी महाराज के सानिध्य में शरबत वितरण किया गया। इसके माध्यम से प्रचण्ड गर्मी से परेशान हजारों शहरवासियों को शरबत का वितरण किया गया। शरबत पीकर राहत महसूस कर रहे शहरवासियों ने मण्डल की इस पहल की सराहना की। शरबत पिलाकर सेवा कार्य में मण्डल के अध्यक्ष गजानंद बजाज, मंत्री शांतिलाल बाबेल,कोषाध्यक्ष संजय जैन, प्रकाशचन्द्र बाबेल, विवेक बाकलीवाल, संरक्षक सोहनलाल गंगवाल, विक्रम सोनी, राकेश कुदाल, रमेश बंसल, कृष्णकुमार बंसल, बलवीर डाकलिया, सौरभ सोमानी, गोपाल झंवर, सुनील काबरा, मुकेशकुमार पांचाल, कृष्णगोपाल बंसल, राजेश बंसल आदि का सहयोग प्राप्त हुआ। महन्त बाबूगिरीजी महाराज ने गर्मी में शीतलता प्रदान करने के लक्ष्य से किए गए सेवा कार्य की सराहना करते हुए मण्डल के सभी सदस्यों के प्रति मंगलभावना व्यक्त की। मण्डल के अध्यक्ष गजानन्द बजाज ने आभार जताया।

## जैन सोशल ग्रुप नॉर्थ ने सेनेटरी पैड वितरित किए




**जयपुर. शाबाश इंडिया।** सामाजिक कार्यक्रम की कड़ी मे जैन सोशल ग्रुप नॉर्थ, जयपुर द्वारा 17 जून को सुरमन संस्था ( बालिका आश्रम ) मे ग्रुप सदस्य पदम कुमार - प्रीति सोगाणी के सौजन्य से बालिकाओं के लिए सेनेटरी पैड के पैकेट दिये । ग्रुप सचिव विशुतोष चाँदवाड ने बताया कि अभी संस्था मे करीब 60 छोटी -बड़ी बालिकाएं रह रही है जिनका सारा खर्चा संस्था द्वारा किया जाता है इस अवसर पर ग्रुप सदस्य पदम कुमार सोगाणी, प्रीति, हर्षिता, रानू, चानी सोगाणी आदि अन्य सदस्य उपस्थित थे ।

# भागवत कथा के दौरान श्री राम जन्म की कथा के रोचक प्रसंग सुन श्रोता मंत्रमुग्ध हुए

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

श्रीमद्भागवत की कथा वेद और उपनिषदों का सार है और सकल शास्त्रों का फल है, श्रीमद्भागवत की कथा का सेवन, श्रवण एवं आस्वादन करने से श्रीहरिः हदय में प्रकट होते है। श्रीमद्भागवत कथा का माहात्म्य अतुलनीय एवं अवर्णनीय है। व्यासपीठ पर विराजित लालगोविंद दास अपनी ओजस्वी, ललित एवं रसमयी अमृतवाणी द्वारा कथा पियुष का रसास्वादन करवा रहे हैं। श्री गोविंद देवजी मंदिर के सान्ध्यि में में चल रही 404इँ भागवत कथा चत्तुर्थ दिवस में कथावाचक लालगोविंद दास ने भक्तों को भगवान ऋषभ अवतार, निर्जला एकादशी महिमा एवं श्री राम जन्म का प्रसंग सुनाया। श्रीमद्भागवत प्रेम यज्ञ कथा के चौथे दिन भगवान राम के जन्म होते ही पंडाल में प्रभु श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। कथावाचक लाल गोविंददास ने कहा कि भगवान का जन्म असुरों और पापियों का नाश करने के लिए हुआ था। भगवान राम ने बाल्यावस्था से ही असुरों का नाश किया। उन्होंने कहा कि मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम का जीवन चरित्र अनंत सदियों तक चलता रहेगा। राम कथा में पिता के प्रति मां के प्रति और भाई के प्रति प्रभु श्री राम का जो स्नेह प्रेम रहा सदा सदा के लिए अमर है। कथाव्यास ने कहा कि पृथ्वी पर जब-जब असुरों का अत्याचार बढ़ा, तब-तब ईश्वर ने किसी न किसी रूप में अवतार लेकर असुरों का संहार किया। जब धरा पर धर्म के स्थान पर अधर्म बढ़ने लगता है, तब धर्म की स्थापना के लिए ईश्वर को आना पड़ता है। भगवान राम ने भी पृथ्वी लोक पर आकर धर्म की स्थापना की और लोगों का कल्याण किया। कथा में उन्होंने राम जन्म का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि जब अयोध्या में भगवान राम का जन्म होने वाला था तब समस्त अयोध्या नगरी में शुभ शकुन होने लगे। प्रभु राम का जन्म होने पर चारों ओर खुशी का माहौल हो गया। इससे बाद संगीतमय भजन-कीर्तन के बीच आरती का कार्यक्रम हुआ। जिसमें काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर पूजा-अर्चना की। उन्होंने बताया कि रामायण से जुड़े पात्रों को जीवन का आदर्श मानकर हमें जीवन सफल बनाना चाहिए। इसके अलावा, सहित विभिन्न पौराणिक कथाओं के प्रसंग सुनाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। कथा पण्डाल में मौजूद श्रद्धालुगण सुंदर गीत-संगीत और हरि भजनों के साथ भक्ति में लीन हुये।



# पोलीसाईथीमिया वीरा (ब्लड केंसर)

यह एक प्रकार का ब्लड केंसर होता है। ब्लड में जब लाल रक्त सेल्स एक सीमा से ज्यादा बनने लगते हैं तो यह स्थिति बनने लगती है।यह ज्यादा बने सैल खून को ज्यादा गाढा कर देते हैं,इससे खून का प्रवाह धीरे हो जाता है,और इस कारण अनेक समस्यायें हो जाती है,जैसे खून के थक्के( क्लाट )बनना। यद्यपि यह बीमारी बहुत कम दिखाई देती है,पर घातक है। यह धीरे-धीरे बढती है,ओर मानव को कई वर्षों तक पता भी नहीं चलता है। इसका पता जब लगता है जब हम किसी अन्य बीमारी में ब्लड टैस्ट कराते हैं। बिना चिकित्सा के यह भयावह स्थिति हो सकती है,लेकिन चिकित्सकीय परामर्श व चिकित्सा से यह कन्ट्रोल आ सकती है। इस बीमारी के लक्षणः-कुछ लोगों को इसके लक्षण स्पष्ट दिखाई नहीं देते हैं,किन्तु कुछ को महसूस होते हैं जैसे सिरदर्द, डिजीनेस, थकान व आंखों से साफ न दिखना आदि।कुछ लोगों को स्नान के बाद खुजली,सुन्नपन,झनझनाहट, जलन,या हाथ-पैर,कंधे तथा घुटनों में कमजोरी महसूस होती है। तिल्ली में सूजन की वजह से खाने के बाद ऊपरी पेट की बायें तरफ पर भारीपन रहता है।इसके अलावा नाक,दाढ से खून आना ।जोडों में दर्द, व पांव के अंगूठे में दर्द। सोने पर सांस में तकलीफ व दिक्कत होना। बीमारी होने का कारणः इस बीमारी होने का कारण यह है कि ब्लड सैल्स का उचित तरीके व मात्रा में नहीं बनना। हमारे शरीर में खून में लाल,श्वेतकण व प्लेटलेट्स होते हैं। पर इन तीनों का उचित माना से अधिक बनना ही इस बीमारी का कारण है। ये क्यों बनते हैं पता नहीं,लेकिन यह बीमारी माता-पिता से नहीं आती है। **जोखिमः** यह बीमारी पुरुषों में 50-75के बीच व महिलाओ में कम ऊम्र में होती है।फिर भी यह पुरुषों मे ज्यादा होती है। जटिलतायें: खून के थक्के जमना,खून का बहाव कम होना,प्लेटलेट्स ठीक न बनना।थक्के जमने से स्ट्रोक,हर्ट अटेक,किसी भी धमनी में रुकावट पर जो फेफड़े,पैर या पेट में हो सकती है। तिल्ली की सूजन बहुत बढ जाना,इससे पेप्टिक अल्सर,पेट में सूजन धाव,गाऊट, ब्लड केंसर व ल्यूकेमिया आदि। होम्योपैथिक उपचारः योग्य चिकित्सक से इलाज करायें,क्योंकि होम्योपैथिक इलाज लक्षणों पर आधारित होता है,जैसे लक्षण होंगे वैसी ही दवाईयां दी जायेंगी।



## तीये की बैठक



अत्यंत दुख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे पूज्यनीय पिताश्री

**नंद किशोर कंछल जी**

( देवली वाले )

पुत्र स्व. जटा शंकर जी

का देवलोक गमन 17 जून को हो गया है। दिव्य आत्मा की शांति के लिए श्रद्धांजलि सभा 19 जून ( बुधवार ) को JLN Marg स्थित MNIT के VLTC परिसर में ( भूतल स्थित हॉल ) दोपहर 2 से 3 बजे रखी गयी है।

शोक संतप्त परिवारः सरला देवी ( पत्नी )

अशोक - उमा अग्रवाल, राजकुमार - अंबा अग्रवाल ( पुत्र- पुत्र वधू )

अभिनव - माधुरी ( पौत्र- पौत्र वधू )

अभिषेक ( पौत्र ), शिवांशी ( पौत्री )

समस्त कंछल परिवार ( देवली वाले )

# पशु चारा एवं पेय जल प्रबंधन के लिए महावीर इंटरनेशनल ने सीमेंट के टांके भेंट किए



**डडूका. शाबाश इंडिया।** महावीर इंटरनेशनल डडूका द्वारा भीषण गर्मी के दौर में पशुओं के चारा एवं पेय जल प्रबंधन के लिए स्थानीय रावला मोहल्ले में दो सीमेंट के टांके भेट किए। आयोजन की अध्यक्षता सुंदरलाल पटेल ने की, मुख्य अतिथि महावीर इंटरनेशनल के गवर्निंग काउंसिल सदस्य अजीत कोठिया थे, विशिष्ट अतिथि पर्यटन प्रभारी अशोक रावल, गौरव रावल एवं गट्टू भाई कारीगर थे। प्रारंभ में अशोक रावल ने सभी का स्वागत किया। गाय के पेयजल एवं पशु चारा प्रबंधन के लिऐ दो टांके महावीर इंटरनेशनल गढ़ी परतापुर के सचिव रामभरत चेजारा ने स्थापित कराए। कोठिया ने बताया की विगत वर्ष भी वीर चेजारा ने आठ सीमेंट के टांके गढ़ी परतापुर क्षेत्र में स्थापित कराए थे। आभार प्रदर्शन सुंदरलाल पटेल अध्यक्ष महावीर इंटरनेशनल डडूका ने किया। इस पुण्य कार्य की ललित पाटीदार, रणजीत सिंह सोलंकी, पीयूष कलाल, राजेंद्र कोठिया, जोन चेयरमैन पृथ्वीराज जैन, प्रीतल पंड्या, परेश पंड्या सहित कई सामाजिक कार्यकर्ता एवं एम आई सदस्यों ने सराहना की।

# गणाधिपति गुरुदेव श्री तुलसी की पुण्यतिथि पर विशाल धम्म जागरण का आयोजन 24 जून 2024 को होगा

**अमित गोधा.शाबाश इंडिया**

ब्यावर। तुलसी तीर्थ-प्रज्ञा शिखर, टॉडगढ़ के महाशिला अभिलेख की छाया तले तुलसी तीर्थ प्रज्ञा शिखर के प्रांगण में गुरुदेव श्री तुलसी के महाप्रयाण दिवस पर 24 जून 2024 सोमवार को धम्म जागरण का आयोजन होगा। जिसके चलते निशुल्क स्वास्थ जांच शिविर का उद्घाटन तनसुखलाल नाहर द्वारा प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक एवं स्वर्णगण ग्रंथ पीटकम [ग्रंथाकार] का उद्घाटन समारोह शाम 5 बजे श्रीमती पुष्पादेवी विजयराज कटारिया के कर कमलों द्वारा किया जाएगा व चांदमल मेहर - सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक (कुकरखेड़ा) के साक्ष्य में संपन्न होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता विजयराज कटारिया - समाज सेवक एवं विख्यात स्वर्ण उद्योगपति (राणावास-चेन्नई)। विशिष्ट अतिथि लादुलाल पितलिया विधायक सहाडा - विधानसभा, बसंतीलाल बाबेल एवं राजेंद्र सेठिया होंगे। आचार्य श्री तुलसी को श्रद्धां समर्पण समारोह शाम 7.15 बजे संगायक कमल सेठिया (भुवनेश्वर) व कमल छाजेड (नई दिल्ली) द्वारा अनेक भजनौ द्वारा भावांजलि देंगे। आयोजन समन्वयक मनीष रांका ने बताया कि संस्थान के संस्थापक भीकम चंद कोठारी 'भ्रमर', अध्यक्ष देवराज आच्छा, महामंत्री महावीरचंद गेलडा, कार्यक्रम संयोजक पुखराज गेलडा, प्रवीण कोठारी व रमेश मुथा, अरविंद भरसारिया, विकास गेलडा आदि के साथ तेरापंथ युवक परिषद ब्यावर को धम्मजागरण संबंधित जिम्मेदारी दी है। धम्मजागरण मैं चेन्नई, मुंबई, भीलवाड़ा, अजमेर, ब्यावर, किशनगढ़, आसिंद, बदनोर, नाथद्वारा, रिछेड़, लाछूडा, राजसमंद, दोलतगढ, आमेट, करेडा, देवगढ, भीम आदि अनेक स्थानों से उक्त धम्मजागरण में बसों द्वारा सैकड़ो की तादाद में श्रद्धालु आयोजन में अपनी शिरकत करते है।



# चंद्र प्रभु महिला मंडल दुर्गापुरा द्वारा घर-घर णमोकार महामंत्र जाप



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** दिनांक 17 जून सोमवार को चंद्र प्रभु महिला मंडल दुर्गापुरा समाज की तरफ से निरीह जानवरो के वध व जानवरों की सुरक्षा हेतु 12 घंटे का सवेरे 7.30से शाम 7.30 तक णमोकार मंत्र का जाप रखा गया । अध्यक्ष रेखा लुहाड़िया तथा मंत्री रानी सोगानी ने बताया कि महिला मंडल की सभी सदस्यो ने अपने तय समय पर अपने अपने घर पर णमोकार मंत्र का पाठ मूक पशुओं की सूरक्षा हेतु किया।




# राज्यस्तरीय अहिंसक आहार पोस्टर प्रतियोगिता का आचार्य वसुनंदी महाराज के सानिध्य में हुआ अनावरण




**नोएडा. शाबाश इंडिया**

धर्म जागृति संस्थान राजस्थान प्रांत द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय अहिंसक आहार पोस्टर प्रतियोगिता के पोस्टर का अनावरण परम पूज्य आचार्य श्री वसुंनदी महाराज के ससंघ सानिध्य में नोएडा सेक्टर 50 में आयोजित वर्षायोग घोषणा कार्यक्रम के अंतर्गत धर्म जागृति संस्थान की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की उपस्थिति में हुआ। आचार्य संघ ने राजस्थान कार्यकारिणी को आशीर्वाद देते हुए कहा कि अहिंसक आहार शाकाहार का विस्तृत रूप है। प्रतियोगिता के मुख्य समन्वयक व धर्म जागृति संस्थान के राष्ट्रीय प्रचार मंत्री संजय जैन बड़जात्या ने बताया कि वर्तमान वर्ष जैन धर्म के अंतिम व चौबीसवें तीर्थंकर भगवान महावीर का 2550 वाँ निर्वाण वर्ष चल रहा है उसी श्रृंखला में राज्यस्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। धर्म जागृति संस्थान के प्रांतीय अध्यक्ष पदम जैन बिलाला के अनुसार प्रतियोगिता में प्रथम विजेता को 11000 रुपये द्वितीय को 5100 व अन्य 22 पुरस्कार और प्रदान किए जाएंगे । उन्होंने बताया 24 वें तीर्थंकर के कुल 24 पुरस्कार प्रतियोगिता में प्रदान किये जायेंगे। पोस्टर अनावरण के अवसर पर धर्म जागृति संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेश जैन मेरठ, महामंत्री इंजीनियर भूपेन्द्र जैन दिल्ली, संरक्षक वीरेंद्र जैन बाड़मेर, कोषाध्यक्ष राजकमल जैन सरावगी दिल्ली,पंडित मनोज शास्त्री, नरेंद्र जैन तिजारा,दिनेश जैन नोयडा, सुरेश जैन ग्रीन पार्क, रुचिका जैन पहुप, आदिश, आदित आदिश्री जैन सहित धर्म जागृति संस्था के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# मंदिर जी वास गोधान, गोधो का चौक के चुनाव निर्विरोध संपन्न

## अध्यक्ष विजय गोधा, सचिव सुधीर गोधा निर्वाचित



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

मंदिर जी वास गोधान, गोधो का चोक, हल्दियो का रास्ता की कार्यकारिणी के चुनाव निर्विरोध संपन्न हुए। चुनाव अधिकारी अमर पाटोदी और सुरेन्द्र पहाड़िया ने नव घटित कार्यकारिणी टीम की घोषणा करते हुए बताया कि अध्यक्ष - विजय गोधा, उपाध्यक्ष- वीरेंद्र गोधा, सचिव - सुधीर गोधा, सहसचिव- संजय गोधा, कोषाध्यक्ष- संजय गोधा लवान वाले, भंडार मंत्री- सुलभ गोधा, जिनवाणी मंत्री- श्रीमती अनुराधा गोधा कार्यकारिणी सदस्य : आलोक गोधा, राकेश गोधा, अनिल गोधा, पीयूष गोधा को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया।

# जैन सोशल ग्रुप कैपिटल का गेट टू गेदर कार्यक्रम संपन्न



जयपुर। जैन सोशल ग्रुप कैपिटल द्वारा साउथ एक्वा वाटर पार्क में, ग्रुप का पहला प्रोग्राम आयोजित किया गया। ग्रुप सचिव प्रमोद जैन ने बताया ग्रुप के 60 कपल ने अपनी सहभागिता निभाई। कार्यक्रम संयोजक राजकुमार जैन व विनोद जैन ने बताया कि कार्यक्रम में गेम्स, रेन डांस स्विमिंग पूल व राइट्स का आनंद लिया।

# अन्तर्मना आचार्य श्री प्रसन्न सागर जी महाराज के प्रवचन...



**हमें अभी तक ये समझ नहीं आया कि शादीशुदा लोग जिन्दगी से इतने परेशान रहते हैं.. तो फिर सालगिरह इतनी धूम धाम से क्यों मनाते हैं.. ?**

किसी ने पूछा -- आपको वैराग्य कैसे हुआ- ? हमें समझ में नहीं आता, आपने घर परिवार देखा नहीं, शादी विवाह किया नहीं, तो क्या समझ कर आपने संसार छोड़ दिया- ? आखिर संसार में आपने क्या बुराई देखी- ? हमने कहा -- तुम्हारे जैसे फंसे हुऐ लोगों के मुख को देखकर ही मैंने संसार छोड़ा है। मुझे संसार में उलझा हुआ एक भी आदमी हँसता मुस्कुराता हुआ नहीं दिखा, सब रोते हुए दिखे, सबके अपने अपने रोग, अपनी अपनी बीमारियाँ, अपनी अपनी परेशानियाँ, अपने अपने जख्म है। तुम्हारे उदास, निराश चिंतित चेहरों को देखकर मुझे लगा संसार में दुःख ही दुःख है। इसलिए मैंने संसार को दूर से ही अलविदा कह दिया। उसे छोड़ दिया और मैं तुमसे भी कहूंगा -संसार यानि दुःख, परेशानियाँ, थकान, उलझन.. इसमें रहो मगर इसमें आसक्त मत रहो...!!!

**नरेंद्र अजमेरा**
**पियुष कासलीवाल औरंगाबाद।**

## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

सम्पादकः राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com